बेस्ट कैडेट्स को विधायक ने किया सम्मानित

■ **एनबीटी न्यूज, गुड़गांवः** रेलवे रोड स्थित द्रोणाचार्य गवर्नमेंट कॉलेज में शुक्रवार को पांच दिवसीय एनसीसी कैंप का समापन हुआ। इसमें विधायक सुधीर सिंगला छात्रों के बीच पहुंचे और सभी कैडेट्स को एकता व अनुशासन के बारे में बताया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने कॉलेज परिसर में पानी की व्यवस्था के लिए आरओ, कुछ टॉइलट की भी मांग की। विधायक ने सभी आवश्यकताओं को पूरा करने का आश्वासन दिया। कैंप के बेस्ट कैडेट्स को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज के प्रिंसिपल वीरेंद्र अंतिल ने बताया कि कैंप में अन्य कॉलेजों के एनसीसी कैडेट्स ने भी भाग लिया।